कोई कहे गोविंद कोई गोपाला

कोई कहे गोविंद कोई गोपाला,
मैं तो कहूं सांवरिया बांसुरी वाला,
गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला.....

राधा ने श्याम कहां मीरा ने गिरधर,
कृष्णा ने कृष्ण कहा कुब्जा ने नटवर,
ग्वालो ने पुकारा कहकर के ग्वाला,
मैं तो कहूं सांवरिया बांसुरी वाला,
गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला.....

मैया तो कहती थी तुमको कन्हैया,
घनश्याम कहते थे बलराम भैया,
सुरा की आंख के तुम थे उजाला,
मैं तो कहूं सांवरिया बांसुरी वाला,
गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला.....

भीष्म के बनवारी अर्जुन के मोहन,
छलिया जो कह कर बुलाता दुर्योधन,
कंस तो कहता था जल करके काला,
मैं तो कहूं सांवरिया बांसुरी वाला,
गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला.....

यक्ष युधिष्ठिर के उधो के माधव,
भक्तों के भगवान संतो के केशव,
मानव तो भजते कह कर के कृपाला,
मैं तो कहूं सांवरिया बांसुरी वाला,
गोविंदा गोपाला गोविंदा गोपाला.....

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/28789/title/koi-kahe-govind-koi-gopala

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |